भारत इलेक्ट्रॉनिक्स
BHARAT ELECTRONICS
भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)
पंजीकृत कार्यालय :
आउटर रिंग रोड, नागवारा, बेंगलूर - 560 045, भारत
Bharat Electronics Limited
(Govt. of India Enterprise, Ministry of Defence)
Registered Office : Outer Ring Road,
Nagavara, Bangalore - 560 045, INDIA.
CIN : L32309KA1954GOI000787
टेलीफैक्स/Telefax : +91 (80) 25039266
ई-मेल/E-mail : secretary@bel.co.in
वेब/Web : www.bel-india.in

प्रतिष्ठा में/ To,
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
National Stock Exchange of India Ltd.
एक्सचेंज प्लाज़ा, प्लॉट नं. सी/1, जी ब्लॉक
Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block,
बांद्रा-कुर्ला कॉमप्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
Bandra-Kurla Complex, Bandra (E)
मुंबई / Mumbai – 400 051

**सं. No. 17565/6/SE/NSEC/SEC**
**दिनांक / Date: 16.06.2023**

महोदय / महोदया,
Dear Sir/Madam,

**विषयः निदेशक (विपणन) की नियुक्ति की सूचना - सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 का विनियम 30 (2)।**
**Sub: Intimation of Appointment of Director (Marketing): Regulation 30(2) of SEBI (LODR) Regulations, 2015.**

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 30 (2) के अनुसार, हम सूचित करते हैं कि रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने एमओडी/डीडीपी के पत्र सं. डीपी-ई0032/3/2022-डी (बीईएल) दिनांक 15 जून, 2023 के माध्यम से श्री के वी सुरेश कुमार (डीआईएन-10200827) को बीईएल के मंडल में निदेशक (विपणन) के रूप में नियुक्त किया है। इस संबंध में, निदेशक मंडल ने दिनांक 16 जून, 2023 के परिपत्र संकल्प के माध्यम से श्री के वी सुरेश कुमार को 16 जून 2023 से अपर निदेशक के रूप में नियुक्त किया है।
Pursuant to Regulation 30(2) of SEBI (LODR) Regulations, 2015, we wish to inform that Ministry of Defence, Government of India vide its MoD/DDP letter No. DDP-E0032/3/2022-D(BEL) dated 15$^{th}$ June, 2023 appointed Shri K V Suresh Kumar (DIN:10200827) as Director (Marketing) on the Board of BEL. In this regard, the Board of Directors vide circular resolution dated 16$^{th}$ June, 2023 appointed Shri K V Suresh Kumar as Additional Director w.e.f 16$^{th}$ June 2023.

निदेशक (विपणन) श्री के वी सुरेश कुमार को कंपनी के किसी अन्य निदेशक के साथ कोई संबंध नहीं है और न ही उन्हें सेबी के किसी आदेश या किसी अन्य संवैधानिक प्राधिकारी के कारण निदेशक के पद पर बने रहने से वंचित किया गया है।
Shri K V Suresh Kumar, Director (Marketing) does not have relationship with any other Directors of the Company and is not debarred from holding the office of Director by virtue of any SEBI order or any other statutory authority.

निदेशक (विपणन) श्री के वी सुरेश कुमार, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 के प्रावधानों के अनुसार निदेशक के पद को धारण करने के लिए अयोग्य नहीं हैं।
Shri K V Suresh Kumar, Director (Marketing) is not disqualified from holding the office of Director pursuant to provision of Section 164 of the Companies Act, 2013.

श्री के वी सुरेश कुमार का संक्षिप्त परिचय **अनुलग्नक-1** में दिया गया है।
Brief profile of Shri K V Suresh Kumar is enclosed as **Annexure-1.**

सूचना व अभिलेख हेतु।
This is for your information and record.

सधन्यवाद / Thanking you,

भवदीय/ Yours faithfully,
**कृते भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड/**
**For Bharat Electronics Limited**

SREENIVAS SRIPADA

Digitally signed by SREENIVAS SRIPADA
DN: c=IN, o=BHARAT ELECTRONICS LIMITED, 2.5.4.20=2785c3f8889288c5c03452d0f6bfbd07ecfa7416298e4d510fd5354c33bb0aa8, ou=SECRETARIAT,CID - 6840256, postalCode=560045, st=Karnataka, serialNumber=8da16a32e5cf7b4693c748a3f167cf33b9870c0132bad61e7d1c3490de34d08f, cn=SREENIVAS SRIPADA
Date: 2023.06.16 16:15:03 +05'30'

**एस श्रीनिवास/S Sreenivas**
**कंपनी सचिव/Company Secretary**

संलग्न- यथा उपरोक्त / Encls: As stated above.



**श्री काइपा वेंकटा सुरेश कुमार, निदेशक (विपणन) का परिचय**

**Profile of Shri Kaipa Venkata Suresh Kumar, Director (Marketing)**

श्री काइपा वेंकटा सुरेश कुमार को 16 जून 2023 को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के निदेशक-विपणन के रूप में नियुक्त किया गया है। श्री सुरेश कुमार इलेक्ट्रॉनिक्स कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर हैं और मई 1989 में एक परिवीक्षाधीन अभियंता के रूप में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में शामिल हुए हैं। उन्होंने बीईएल की कई यूनिटों में और कई तकनीकों में काम किया है, कॉर्पोरेट पदों पर रहे हैं और निदेशक (विपणन) बनने से पहले वे बेंगलूरु में उत्पाद विकास एवं नवाचार केंद्र के महाप्रबंधक थे। वह बीईएल के वर्तमान मुख्य स्वदेशीकरण अधिकारी भी हैं।

Shri Kaipa Venkata Suresh Kumar has been appointed as Director – Marketing of Bharat Electronics Limited on 16th June 2023. Shri Suresh Kumar is a post-graduate in Electronics & Communications engineering and joined Bharat Electronics Limited in May 1989 as a Probationary Engineer. He has worked at multiple Units of BEL and in multiple technologies, held corporate positions and was the General Manager of Product Development and Innovation Center at Bangalore before his elevation to Director (Marketing). He is also the current Chief Indigenization Officer of BEL.

34 वर्षों के करियर के दौरान, वे विभिन्न प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में समृद्ध अनुभव के साथ एक कुशल अभियंता रहे हैं जो सभी प्रमुख ग्राहक वर्गों से निपटने में सक्षम हैं और अनुसंधान एवं विकास के माध्यम से कारोबारी विकास को आगे बढ़ाने में गहराई से शामिल रहे हैं। उनको रक्षा मंत्री के उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। उनके संरक्षण में उनकी टीमों द्वारा कई पेटेंट/कॉपी राइट बनाए गए थे।

Throughout a career of 34 years, he has been an accomplished engineer with rich experience in diverse technology areas dealing with all major customer segments and has been deeply involved in driving business development through R&D. He is a recipient of Raksha Mantri’s Excellence Award. Under his tutelage, many patents / copy rights were created by his teams.

उन्होंने संकल्पना, डिज़ाइन, विकास, योग्यता, इंस्टलेशन और कमीशनिंग, क्षेत्र परीक्षण और प्रणालियों को शामिल करने सहित उत्पाद विकास जीवन-चक्र के सभी चरणों में काम किया है। उन्हें अंतिम उपयोगकर्ता की जरूरतों/आवश्यकताओं की पूरी समझ और जानकारी और उन्हें पूरा करने की क्षमता भी है।

He has worked in all phases of product development life-cycle including conceptualization, design, development, qualification, installation & commissioning, field trials and induction of the systems. He has full understanding and knowledge of the end user’s needs / requirements and the means to meet them.

महाप्रबंधक-पीडीआईसी के रूप में, वे 16 वर्टिकल्स, जिनका उपयोग बीईएल में किया जाता है, में प्रौद्योगिकी मॉड्यूलों के संस्थागत विकास के लिए 500 इंजीनियरों की टीम का मार्गदर्शन कर रहे हैं। वे आईपी सृजन और कौशल संवर्धन का कार्य भी कर रहे हैं। इससे पहले, उन्होंने महाप्रबंधक-प्रौद्योगिकी योजना/कार्पोरेट कार्यालय का पद संभाला, जहां उन्होंने कंपनी भर में सभी अनुसंधान और विकास गतिविधियों की योजना और निष्पादन का नेतृत्व किया, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में अनुसंधान और विकास परियोजनाएं सफलतापूर्वक व्यवसायीकरण की गई हैं।

In his role as GM - PDIC, he has been guiding a team of 500 engineers for in-house development of technology modules in 16 verticals, which are used across BEL. He is also driving the IP generation and skill enhancement there. Prior to this, he held the position of General Manager – Technology Planning / Corporate Office, where he spearheaded planning and execution of all the R&D activities across the company, which resulted in a large number of R&D projects that have since been successfully commercialized.

2017 से 2019 तक, उनके प्रयासों और योगदान के परिणामस्वरूप भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों में अत्यधिक जटिल और अत्याधुनिक ईडबल्यू सिस्टम शामिल किया गया है जिससे रु. 3,000 करोड़ के आदेश प्राप्त हुए हैं। उन्होंने ईडबल्यू सूट की आपूर्ति के लिए एयरबस से 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात आदेश प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो बीईएल को प्राप्त किया गया सबसे बड़ा निर्यात आदेश है। उन्होंने नए उत्पाद भी पेश किए और लगभग 4,000 करोड़ रुपये के न/भविष्य के कारोबारी अवसर पैदा किए।

From 2017 to 2019, his efforts and contributions have resulted in induction of highly complex and state-of-art airborne EW Systems onto the fighter aircrafts of IAF leading to receipt of orders worth Rs. 3,000 Cr. He was instrumental in realizing a 100 Mn USD export order from Airbus for supply of EW Suite, which is the single largest export order received by BEL. He also introduced new products and created new / future business opportunities worth about Rs. 4,000 Cr.

2014 और 2017 के बीच, उन्होंने भारतीय सेना और अर्धसैनिक बलों में बड़ी संख्या में इलेक्ट्रो-ऑप्टिक उत्पादों/प्रणालियों के विकास और समावेशन के लिए टीमों का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया है, जिससे लगभग 5,000 करोड़ रुपये का कारोबार प्राप्त हुआ है। उन्होंने भी आक्रामक रूप से स्वदेशीकरण के प्रयासों को आगे बढ़ाया था और लगभग 300 करोड़ रुपये की एफई की बचत की थी।

Between 2014 and 2017, he has successfully led teams for development and induction of a larger number of Electro-Optic products / systems into Indian Army and Paramilitary Forces that have fetched a business of about Rs. 5,000 Cr. He had also aggressively pursued indigenization efforts and saved about Rs. 300 Cr FE.

2014 से पहले, उन्होंने भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों और विमानों में कई ईडबल्यू प्रणालियों का विकास किया और उन्हें शामिल किया था। इसी अवधि के दौरान, उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप भारत में दुनिया की सबसे व्यापक ईडबल्यू टेस्ट रेंज की स्थापना के लिए नामांकन के आधार पर भारतीय वायुसेना से लगभग 1,000 करोड़ रुपये का आदेश प्राप्त हुआ है।

Prior to 2014, he had developed and inducted many EW systems into the helicopters and aircraft of Indian Navy and IAF. During the same period, his efforts have resulted in receipt of about Rs. 1,000 Cr order from IAF on nomination basis for setting up the world's most comprehensive EW Test Range in India.

वर्ष 2021 से, वे बीईएल के मुख्य स्वदेशीकरण अधिकारी के रूप में सेवा प्रदान कर रहे हैं और उन्होंने आत्मनिर्भर भारत अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बीईएल ने स्वदेशीकरण के प्रयासों के माध्यम से पिछले दो वर्षों में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की एफई की बचत की है। बीईएल ने रक्षा मंत्रालय द्वारा घोषित सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची में 100 से अधिक उत्पादों का भी योगदान दिया है। इनमें से अधिकांश उत्पाद मेक II रूट के तहत उद्योग के माध्यम से विकास के तहत हैं।

Since 2021, he has been serving as Chief Indigenization Officer of BEL and has made significant contributions to the Atma Nirbhar Bharat Abhiyan. BEL has saved more than Rs. 1,000 Cr FE in the last two years through indigenization efforts. BEL has also contributed more than 100 products to the Positive Indigenization Lists promulgated by MoD. Majority of these products are under development through industry under Make II route.